>

Title: Need to provide funds for completion of Hasanpur-Sankari railway line.

श्री महेश्वर हज़ारी (समस्तीपुर): सभापति महोदय, मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं, जो आपने सत्र के अंतिम दिन बोलने का मौका दिया। मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारे संसदीय क्षेत्र समस्तीपुर जिला, जो बिहार राज्य में आता है, वह हमेशा बाढ़ से ग्रसित रहता है। आदरणीय ललित बाबू जी जब रेल मंत्री थे। उस समय से जो हमारी हसनपुर-संकरी रेलवे लाइन थी, वह आज तक अधूरी है, उसमें पैसा भारत सरकार के द्वारा नहीं दिया जा रहा, जबकि वह अत्यन्त ही आवश्यक है। इसलिए मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि बिदौल से हसनपुर तक अधिक से अधिक पैसा दिया जाये, ताकि वहां काम प्रारम्भ हो।

दूसरे, मैं रेल मंत्री जी से और भारत सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि किशनपुर स्टेशन पर जननायक एक्सप्रैस एवं कमला इण्टरसिटी ट्रेन का ठहराव किया जाये। जो वहां से छात्र पढ़ने आते हैं, उनको इससे काफी कठिनाई होती है।